Title: Need for electrification of Mugalsarai -Lucknow-Moradabad railway track in U.P.-Laid.

श्री चन्द्रनाथ सिंह (मछलीशहर): अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश देश का सबसे महत्वपूर्ण प्रदेश होने के बावजूद प्रदेश के लिए स्वीकृत रेल विद्युतीकरण परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलम्ब हो रहा है। उत्तर प्रदेश का कुल रेल मार्ग किलोमीटर किसी भी प्रदेश से सबसे अधिक होने के बावजूद रेल विद्युतीकरण के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है। यहां मुख्यतः केवल एक मेन लाइन मुगलसराय-इलाहाबाद-कानपूर-अलीगढ़ होते हुए गाजियाबाद रेलमार्ग का ही विद्युतीकरण किया गया है। इस रेल मार्ग पर क्षमता से अधिक रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है जो सुरक्षा की दृटि से उचित नहीं है। अतः उत्तर प्रदेश के मुगलसराय-लखनऊ-मुरादाबाद रेलमार्ग का विद्युतीकरण आवश्यक है। इस रेल मार्ग के विद्युतीकरण से जहां पूरब की ओर कलकत्ता, पटना, वाराणसी तथा पश्चिम बंगाल में अम्बाला, चण्डीगढ़, लुधियाना आदि को बिना र्काण बदले द्रुतगामी गाड़ियों से जोड़ा जा सकता है वहीं इंटरसिटी लोकल गाड़ियां चलाकर क्षेत्रीय लोगों को आसपास की जगहों में जाने की सुविधा प्र ादान की जा सकती है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि उत्तर प्रदेश के मुगलसराय-लखनऊ-मुरादाबाद रेल मार्ग का विद्युतीकरण शीघ्र अतिशीघ्र किया जाए।